आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 23.04.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- जम्मू कश्मीर के पहलगाम में कल के आतंकी हमले के बाद कश्मीर घाटी में सुरक्षा बढ़ाई गई, आतंकियों की धरपकड़ के लिए सेना, सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू किया।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा – प्रदेश सरकार का लक्ष्य सरकारी विद्यालयों को समृद्ध और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाना है।
- आगामी चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।
- चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत किये जा रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**पहलगाम हमला**

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में कल के आतंकवादी हमले में कई पर्यटकों की हत्या की घटना को देखते हुए कश्मीर घाटी में सुरक्षा कई गुना बढ़ा दी गयी है। यह घटना दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में श्रीनगर से लगभग 85 किलोमीटर दूर हुई। इस घटना में शामिल आंतकियों को पकड़ने के लिए सेना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू–कश्मीर पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चला रही है। पहलगाम में जिस जगह पर यह हमला हुआ वहां पांच किलोमीटर के दायरे में यह अभियान चलाया जा रहा है। हमलावरों का पता लगाने के लिए विशेष बलों, खोजी कुत्तों और अन्य तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू–कश्मीर में आतंकी हमले के बाद सऊदी अरब यात्रा बीच में ही छोड़कर आज सुबह नई दिल्ली पहुंच गए। आगमन के तुरंत बाद, श्री मोदी ने हवाई अड्डे पर संक्षिप्त बैठक की। उन्होंने विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति पर विचार–विमर्श किया।

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और मृतकों के परिजनों से भेंट कर उन्हे सांत्वना दी।

**िशक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य सरकारी विद्यालयों को समृद्ध और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाना है।

सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने को लेकर चलाए जा रहे प्रवेश उत्सव अभियान के तहत शिक्षा मंत्री पौड़ी गढ़वाल के दूरस्थ ब्लॉक थलीसैंण पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय रौली, बगवाड़ी, मरोड़ा, सुंदरगांव और राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने बच्चों को फूल–मालाएं पहनाकर स्वागत किया। साथ ही बच्चों से बातचीत की और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों की दशा और दिशा को सुधारना सरकार की प्राथमिकता है। प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को यह संदेश देना है कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। शिक्षा मंत्री ने इसके बाद उप जिला चिकित्सालय थलीसैंण के आवासीय भवन का शिलान्यास और आंगनबाड़ी भवन मरोड़ा व पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

**चारधाम यात्रा व्यवस्था**

गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने चारधाम यात्रा की सफल व्यवस्था के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करने के निर्देश दिये हैं। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में श्री पांडे ने पच्चीस अप्रैल तक यात्रा संबंधी सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। बैठक में चारधाम यात्रा, वनाग्नि रोकथाम, पेयजल व्यवस्था, सड़क सुधार, सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई।

आयुक्त ने श्रीनगर गढ़वाल में कुछ धर्मशालाएं और रैन बसेरे चिन्हित करने के निर्देश दिये, ताकि जरूरतमंद और बेसहारा यात्रियों को मुफ्त ठहरने की सुविधा दी जा सके। यात्रा मार्ग के सभी जलस्रोतों को चालू रखने और सार्वजनिक शौचालयों को साफ रखने के

निर्देश भी दिये गये। वनाग्नि रोकथाम पर चर्चा करते हुए आयुक्त ने कहा कि इसके लिए विभागीय समन्वय और जनसहभागिता आवश्यक है। उन्होंने जन–जागरुकता अभियानों और शीतलाखेत मॉडल को 30 से अधिक गांवों में लागू करने की पहल की सराहना की। श्री पांडे ने ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये जल संस्थान और जल निगम को पंपिंग समय बढ़ाने और आवश्यकता पड़ने पर टैंकर से जलापूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल, राजीव स्वरूप ने चारधाम तीर्थयात्रा शुरू होने से पहले श्रीनगर में पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर ड्राई रन कराने के निर्देश दिये, ताकि यात्रा सीजन के दौरान किसी भी स्थिति से निपटा जा सके।

बैठक के बाद आयुक्त विनय शंकर पांडे ने राज्य राजमार्ग–31 पर पौड़ी और देवप्रयाग के बीच चल रहे डामरीकरण और पैचवर्क कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रीनगर यात्रा मार्ग का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखना चुनौतीपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति पर आयुक्त ने पौड़ी के जिलाधिकारी को सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

**एनडीएमए**

आगामी चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य सचिव लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने कहा कि चारधाम यात्रा पूरे देश के लिए आस्था का विषय है और हर श्रद्धालु की सुरक्षित यात्रा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज में उन्होंने बताया कि कल प्रस्तावित मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा की स्थिति में त्वरित और समन्वित कार्रवाई की तैयारियों को परखा जाएगा। उन्होंने राज्य में आयोजित पूर्व मॉक अभ्यासों की भी सराहना की और आपदाओं से सीखने और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर बल दिया।

**बदरीनाथ तैयारी समीक्षा**

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत किये जा रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यात्रा से पूर्व होटल संचालकों के साथ बैठक करने और आवास व्यवस्था को दुरुस्त करने को भी कहा है। बदरीनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने तीर्थयात्रा मार्ग पर सफाई व्यवस्था, शौचालय की स्थिति और पर्यावरण मित्रों की तैनाती पर चर्चा की। बैठक में शेषनेत्र झील के पास सड़क निर्माण, ब्रह्म कपाल में सुरक्षा दीवार और शौचालयों की व्यवस्था पर भी निर्देश दिए गए।

**पीएम जन मन कार्यक्रम**

"पीएम जन मन कार्यक्रम" के तहत पौड़ी गढ़वाल में अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उनके करियर को दिशा देने में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देश पर कोटद्वार क्षेत्र में निवासरत बोक्सा जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों के 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की करियर काउंसलिंग व जनरल काउंसलिंग का कार्य किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत विभिन्न विभागों के 12 अधिकारियों को इतने ही छात्रों की काउंसलिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाधिकारी ने इस पहल को समावेशी विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। उन्होंने कहा कि "पीएम जन मन कार्यक्रम" के तहत ऐसे प्रयासों से वंचित जनजातियों के छात्र समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ेंगे और भविष्य में दूसरों के लिए प्रेरणा बनेंगे। वहीं, जिला परिवीक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ने एक छात्र अनूप के निवास पर पहुंचकर उसकी व्यक्तिगत काउंसलिंग की। अनूप ने हाल ही में सीबीएसई बोर्ड से 12वीं की परीक्षा दी है और उसकी रुचि कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी में है। वह आगे बी.कॉम. की पढ़ाई करना चाहता है। जिला परिवीक्षा अधिकारी ने छात्र अनूप को बी.कॉम. के संभावित करियर विकल्पों की जानकारी दी। साथ ही बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और तकनीकी क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्र को शॉर्ट–टर्म कोर्सेज व डिजिटल स्किल्स के माध्यम से अपने कौशल को और बेहतर बनाने के लिए भी प्रेरित किया।

**भारतीय मानक ब्यूरो**

ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में उद्योग बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्लाईवुड क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य उद्योग मानकों में होने वाले महत्वपूर्ण बदलावों पर चर्चा करना था। इस दौरान प्लाईवुड मानकों में संशोधन व

आईएस–1659 में प्रस्तावित मसौदा संशोधन पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने गुणवत्ता सुधार और वर्तमान बाजार आवश्यकताओं के अनुरूप अनुपालन तंत्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने मानकों का पालन करने पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने मानकों को विश्वस्तरीय बनाना चाहिए, ताकि हम 2047 तक विकसित राष्ट्र का लक्ष्य प्राप्त कर सकें। भारतीय मानक ब्यूरो की उत्तर क्षेत्रीय उपमहानिदेशक, स्नेह लता व निदेशक सौरभ तिवारी ने मानकीकरण प्रयासों पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। श्री तिवारी ने स्पष्ट किया कि संशोधित मानक लागू होने के बाद प्लाईवुड को अनिवार्य रूप से आईएसआई मार्क प्राप्त करना होगा।